संयुक्त निदेशालय प्रसार शिक्षा द्वारा उन्नत पशुपालन पशु स्वास्थय एवं दुग्ध उत्पादन की नवीनतम् तकनीक विषय पर 14.02.2019 से 15.02.2019 तक दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण प्रारंभ

सं◌ायुक्त निदेशायलय प्रसार शिक्षा भा0 कृ0 अ0 प0 भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा उन्नत पशुपालन पशु स्वास्थय एवं दुग्ध उत्पादन की नवीनतम् तकनीक विषय पर जन कल्याण संस्था मेरठए उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित 30 कृषको लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारम्भ आज दिनांक 14.02.2019 को हुआ। प्रशिक्षण मुख्यतः पशुओं में दुग्ध उत्पादन के महत्व तथा इनका शारीरिक स्वास्थ्य एवं उत्पादन क्षमता पर प्रभाव जैसे अनेकों विषयों पर व्याखान तथा संतुलित आहार एवं पशु प्रबन्धन में कौशल विकास पर केन्द्रित होगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु किसानों मे दुधारू पशु प्रबन्धन हेतु ज्ञानर्जन करने तथा इससे आय अर्जित करने के लिए सम्पूर्ण कौशल का विकास करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ डा0 बी0 पी0 सिंहए प्रधान वैज्ञानिक प्रसार शिक्षा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में डा0 बी0 पी0 सिंह प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक ने किसानां◌े को समेंकित खेती दुधारू पशु प्रबन्धन में रूचि लेने एवं इस कार्यक्रम में सहभागिता की प्रंशासा की तथा पशुपालन क्षेत्र में उनके कौशल विकास हेतु काम करने के लिए कार्यक्रम की प्रायोजक संस्था श्जन कल्याण संस्था मेरठश का धन्यवाद किया। उन्होने बताया कि हमारा ◌ंसस्थान भी पशुपालकों एवं कृषकों के मध्य पशुपालन सम्बन्धी जानकारी एंव कौशल विकास हेतु सतत् रूप से कार्यरत है। संस्थान वर्ष भर इस प्रकार के कई प्रशिक्षण तथा अन्य प्रसार गतिविधियों को आयोजित कराता है। उन्होने प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध किया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में वे मन लगाकर भाग लें। तथा दुधारू पशु प्रबन्धन उत्तम पशुपालन में वे अच्छा कौशल विकास कर अपनी इकाई की स्थापना करें। इस अवसर पर डा0 रूपसी तिवारी प्रधान वैज्ञानकिए प्रभारी एटिक ने अपने सम्बोधन में बताया कि पुरूषों के साथ महिलाओं को भी पशुपालन एवं खेतीबाडी से सम्बान्धित प्रशिक्षण करवाया जाये ताकि महिलायें भी आत्मनिर्भर तथा सशक्त बन सकें। इस प्रशिक्षण मं◌े कुल 30 कृषकों एवं युवाआं◌े ने सहभागिता दर्ज की।

Farmers and Scientists are two sentinels of
new India and they have to work together to
transform agriculture
- Sh. Narendra Modi